# ब्रह्माकुमारी संस्था ही दिखा सकती है विश्व को नई राह

## शिव ध्वजारोहण एवं गुब्बारे उड़ाकर दिया विश्व शांति का संदेश

### ब्रह्माकुमारीज़ की 80वीं वर्षगांठ पर चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**शांतिवन।** भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी ने कहा कि जो भारत को ऊँचा उठाना चाहते हैं, देश सेवा की भावना जन-जन में भरना चाहते हैं, जो हर व्यक्ति में प्रमाणिकता, ईमानदारी, अनुशासन कूट-कूटकर भरा देखना चाहते हैं, उन्हें ब्रह्माकुमारी संस्था में आकर सीखना होगा। 102 साल की आयु में भी इस संस्था का संचालन करने वाली दादी जानकी का आदर्शमय जीवन विश्व के लिए अनुकरणीय है। उनका आदर्शमय जीवन संसार को प्रभावित कर रहा है। ब्रह्माकुमारीज विश्व में एकमात्र ऐसा संस्थान है जिसकी नींव भी माताओं-बहनों के द्वारा रखी गई और जिनके नेतृत्व में विश्व व्यापी विस्तार भी हुआ। जिनके जीवन मूल्य होते हैं वही दूसरों में मूल्यों को स्थापित कर सकता है। विश्व के आगे आदर्श बन सकने वाली या उसे सही दिशा दे सकने वाली यही एक संस्था है। उन्होंने कहा कि मैंने बचपन से ही आरएसएस से जुड़कर शिक्षा, आदर्शवाद व अनुशासन सीखा। इस संस्था से जुड़कर व्यक्ति अपने जीवन में प्रमाणिकता, शुद्धता, सात्विकता धारण कर सकता है।



दीप प्रज्वलित करते हुए दीपक चौरसिया, दादी रतनमोहिनी, दादी जानकी, सुधीर चौधरी, लालकृष्ण आडवाणी, दादी हृदयमोहिनी, ब्र.कु. मुन्नी व अन्य।



**सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन** ने कहा कि कल से मुझे यहाँ आकर जो खुशी व मन की शांति मिल रही है उसका मैं वर्णन नहीं कर सकती। वर्तमान समाज की हालत देखकर डर लगता है, लेकिन यहाँ आकर बहुत ही खुद को सुरक्षित अनुभव कर रही हूँ। ब्रह्माकुमारीज़ ममता भरी संस्था है जो विश्व को अपने आंचल में लेकर उसे संवारती व सुधारती जा रही है। आज के जो राजनीतिक व सामाजिक हालात हैं उसे देखकर डर लगता है कि हम अपने बाद आने वाली पीढ़ी के लिए कैसा समाज छोड़कर जा रहे हैं। लेकिन यह संस्था जिस प्यार, मोहब्बत के साथ सेवा कर रही है उसे देखकर एक विश्वास पैदा होता है। दादी जानकी के हाथ में हाथ देकर पहली बार मैंने अपना अंतरात्मा में झाँका और उसे महसूस किया।यहाँ आकर एक नई शक्ति प्राप्ति का अनुभव हो रहा है।



पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता माननीय श्री लालकृष्ण आडवाणी ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी के साथ ज्ञानचर्चा करते हुए।

**जी न्यूज़ के एडिटर इन चीफ सुधीर चौधरी** ने कहा कि यहाँ आकर ऐसा अनुभव हो रहा है कि जैसे मैं आध्यात्मिक रूप से गरीब दुनिया से निकलकर किसी अमीर दुनिया में आ गया हूँ। इस हॉल में प्रवेश करते ही पावरफुल पॉज़ीटिव वायब्रेशन्स अनुभव हो रहे हैं। जिस जगह इतने सकारात्मक प्रकम्पन हों, जहाँ इतनी श्रेष्ठ आत्माएं हों, वह जगह कितना पवित्र होगा। यहाँ से मैं ज़्यादा से ज़्यादा यह वायब्रेशन्स अपने मन-मस्तिष्क में भरकर वापस ले जाना चाहता हूँ। हमारी सेना देश की सीमाओं की रक्षा करती है, लेकिन यह ऐसी आध्यात्मिक सेना है जो हमारे मन की नकारात्मकता से रक्षा करती है। यह सेना हमारे मनोबल, चरित्र व श्रेष्ठता की रक्षा करती है। आज के समय में मानवीय मन पर कार्य करने की आवश्यकता है। आने वाली दुनिया श्रेष्ठ विचारों से चलेगी न कि पैसे से। देश के साठ करोड़ युवाओं को सकारात्मक, संतुष्ट व सृजनकारी भावनाओं से सम्पन्न बनाये रखने में ब्रह्माकुमारी संस्था बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। आज लोगों को आंतरिक रूप से सशक्त करने की ज़रूरत है। आज का समाज बाहरी रूप से अधिक सम्पन्न बन गया है, लेकिन फिर भी खुश रहने के मामले में बहुत पीछे होता जा रहा है।



आडवाणी द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ पर सौ फीट ऊँचे पोल पर शिवध्वज लहराया गया, जो कि समारोह के प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बना।



इंडिया न्यूज़ के एडिटर इन चीफ दीपक चौरसिया दादी हृदयमोहिनी से मुलाकात के दौरान ईश्वरीय सौगात स्वीकार करते हुए। साथ हैं ब्रह्माकुमार मृत्युंजय,उपाध्यक्ष,शिक्षा विभाग तथा ब्र.कु. नीलू बहन।

**इंडिया न्यूज़ के एडिटर इन चीफ दीपक चौरसिया** ने कहा कि इस सकारात्मक ऊर्जा की आवश्यकता दिल्ली में अधिक है। खुश रहने के लिए अपने आपसे प्यार करो और उस परमात्मा से प्यार करो जिनसे सकारात्मक शक्ति प्राप्त होती है। जीवन में कभी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। भारत जैसी संस्कृति व इतिहास विश्व में किसी देश का नहीं है। इस आध्यात्मिक ज्ञान को युनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम में जोड़ने की आवश्यकता है। हैपीनेस इंडेक्स के मामले में ब्रह्माकुमारी संस्था एक रोशनदान की तरह काम कर रहा है जिसे दरवाज़े के रूप में बदलना होगा।



कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा के डेप्युटी स्पीकर पी.जे. कुरियन को मोमेन्टो प्रदान करते हुए ब्र.कु. निर्वैर तथा ब्र.कु. मृत्युंजय।



जी न्यूज़ के एडिटर इन चीफ सुधीर चौधरी को मोमेन्टो प्रदान करते हुए ब्र.कु. निर्वैर तथा ब्र.कु. मृत्युंजय।

**कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510. सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088,**
Email- omshantimedia@bkivv.org, mediabkm@gmail.com, Website- www.omshantimedia.info
**सदस्यता शुल्क:** भारत - वार्षिक 190 रुपये, तीन वर्ष 570 रुपये, आजीवन 4500 रुपये । **विदेश - 2500** रुपये (वार्षिक) **कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेयबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।**

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 11th Apr 2017
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।